**मुंगेर और जमालपुर दूरभाष केन्द्रों का कार्यकरण**

2342. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुगेर और जमालपुर की जोड़ने वाले टेलीफोन केबिल 1980 में विद्युत स्पर्शाघातु के कारण क्षतिग्रस्त हो गए थे, तथा इन्हें अभी तक बदला नही गया है या यू० एच० एफ० द्वारा जोड़ा नही जा सका है ; यदि हां, तो इन दोनो दूरभाष केन्द्रों को जोड़ने की व्यवस्था कब तक कर दिए जाने की संभावना है ,

(ख) जमालपुर से एस० टी० डी० की सुविधा उपलब्ध न कराये जाने के क्या कारण है ;

(ग) क्या यह सच है कि मुगेर और जमालपुर में बिजली के न रहने पर बैटरी प्रणाली की दयनीय स्थिति में कोई सुधार नही हुआ है ,

(घ) क्या यह सच है कि मुगेर और जमालपुर सहित ज्यादातर दूरभाष केन्द्रों के एयर कण्डीशनर पिछले कोई वर्षों से खराब पडे हैं; और

(ङ) यदि हा, तो क्या उक्त कठिनाइयो को दूर करने के लिए कोई प्रबंध किये जाने की संभावना है ?

**संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव) :** (क) जी हां, मुगेर तथा जमालपुर के बीच टेलीफोन केबिलें विद्युत स्पर्श के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी परन्तु अच्छे किस्म के कुछ पेयर अभी भी उपयोग के लिए उपलब्ध हैं । इस समय आर्थिक कठिनाइयो के कारण केबिल बदलने अथवा यू० एच० एफ० प्रणाली की व्यवस्था करने का कोई प्रस्ताव नही है ।

(ख) मुगेर मे एस० टी० डी० सेवा इस समय पूर्व-इन आधार पर कार्य कर रही हैं तथा स्थायित्व हो जाने के पश्चात् इसे चालू कर दिया जाएगा । जमालपुर के लिए एस० टी० डी० सुविधा प्रदान नही की जा सकती क्योंकि मुंगेर और जमालपुर के बीच स्थाई तथा विश्वसनीय माध्यम उपलब्ध नही है । वैसे ओवरहैड एलाइनमेट पर जमालपुर के लिए टी० ए० एक्स० प्रदान की जाएगी ।

(ग) बेटरी प्रणाली के कार्य मे सुधार हुआ है क्योंकि मुगेर और जमालपुर मे स्टैंड-बाई जनरेटर उपलब्ध कराए गए हैं ताकि अधिक समय तक बिजली फेल रहने के कारण विद्युत सप्लाई की जा सके ।

(घ) मुगेर जमालपुर, तथा अधिकाश एम० ए० एक्स०–II एक्सचेजो मे खिडकी किस्म के एयर -कडीशनर प्रदान किए गए हैं । अधिकाश एयर-कडीशनर काम कर रहे है । अविश्वसनीय तथा बिजली का काम वोल्टेज होने के कारण खिड़की किस्म के एयर-कडीशनरो में खराबी आ जाती है । बिहार में इनकी मरम्मत के लिए विशेषज्ञों की कमी है जिसके कारण इनका शीघ्र मरम्मत करवाना कठिन होता है ।

(ङ) सप्लाईकर्त्ताओ की सहायता से एयर-कडीशनरो की समुचित मरम्मत की व्यवस्था की जाती है । अतः सप्लाईकर्त्ताओ की तत्परता और सेवा की किस्म पर ही सुधार निर्भर करता है । वैसे, दोषमुक्त, एयर कंडीशनरो को ठीक करवाने के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाती है ।

**मुंगेर-लखीसराय-शेखपुरा माइक्रोवेव प्रणाली**

2343. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुगेर-भागलपुर-कटिहार के बजाय जहा माइक्रोवेव की स्थापना की जा चुकी है, मुगेर-लखीसराय, शेखपुरा मे माइक्रोवेव प्रणाली का लगाया जाना अधिक उपयोगी होता क्योंकि कटिहार और शेखपुरा पटना से जुडे हुए हैं और इसलिए मुगर मे खराबी की गुंजाइश न रहती और संचार प्रणाली मे व्यवधान उत्पन्न न होता ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पटना, धनबाद आदि स्थानो पर स्थित दूरभाष केन्द्रों में पुराने उपकरण लगाए गए